प्रेस नोट थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर दिनांक 23.06.2024

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 3360/- रुपये बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, स0पु0अ0/ क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 369/24 धारा 457,380 भादवि से संबंधित अभियुक्त अरविन्द को चोरी के 3360/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 18.06.2024 को वादी मुकदमा के बन्द मकान से अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे आलमारी का लाकर तोड़कर रुपये व गहने चुरा लेने के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

अरविन्द पुत्र दीनानाथ निवासी रामपुर बडका टोला थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 369/24 धारा 457,380,411 भादवि थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

चोरी के 3360/- रुपये

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 प्रदीप पाण्डेय चौकी प्रभारी आजाद नगर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर
2. प्र0उ0नि0 पंकज कुमार थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर
3. का0 सोनू सिंह थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर